## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेन्सी क्षेत्र–इन्दौर

क्रमांक...719...../18/2015/स्था. इन्दौर, दिनांक 7 JUN 2016

**विज्ञापन क्रमांक 03/स्थापना/2015, दिनांक 30.12.2015 आयोग द्वारा आयोजित स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक वर्ग–।।। ऑनलाईन परीक्षा, दिनांक 15.05.2016 में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों से आयोग कार्यालय में अभिलेख मंगवाने संबंधी सूचना ।**

– –::– –

आयोग कार्यालय के पत्र **क्रमांक 718/18/2015/स्था. दिनांक 04.06.2016** द्वारा आयोजित स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक वर्ग–।।। ऑनलाईन परीक्षा, दिनांक 15.05.2016 में अर्ह पाए गए आवेदको के लिए कम्प्यूटर संचालन तथा मुद्रलेखन एवं शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षण कार्यक्रम की सूचना आयोग की वेबसाइड पर प्रकाशित की गई थी जिसमें निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

1. आयोग द्वारा आयोजित स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक वर्ग–।।। ऑनलाईन परीक्षा, दिनांक 15.05.2016 में अर्ह पाए गए आवेदको को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन में विज्ञापित शर्तो के अनुसार कंडिका–आठ चयन प्रक्रिया अंतर्गत वे आयोग कार्यालय में **दिनांक 17.06.2016** तक शैक्षणिक अर्हता संबंधी अंकसूची, मूल निवासी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण–पत्र, कम्प्यूटर डिप्लोमा, हिन्दी मुद्रलेखन एवं शीघ्रलेखन प्रमाण–पत्र (व्यक्तिगत विवरण एवं अनुप्रमाणन फॉर्म आयोग की वेबसाइड www.mppsc.nic.in से डाउनलोड करें) सहित समस्त अभिलेखों की छायाप्रतियों का सत्यापित किया एक सेट आवश्यक रूप से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर में प्रेषित करें ।

उक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख प्राप्त होंगे केवल उनके अभिलेखों का परीक्षण किया जायेगा । अभिलेखों के परीक्षण के बाद जो अभ्यर्थी अर्ह पाये जाएंगे उन्हें कम्प्यूटर संचालन तथा मुद्रलेखन, शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षण में सम्मिलित होगें । जिनके अभिलेख विज्ञापन की शर्तो अनुसार निर्धारित मापदण्ड पूर्ण नही करते है तो उन्हे निरस्ती की सूचना आयोग की वेबसाइड पर अपलोड कर दी जायेगी ।

2. कम्प्यूटर संचालन तथा मुद्रलेखन, शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षण कार्यक्रम निम्नलिखित तालिका अनुसार रहेगा ।

| सहायक वर्ग–।।। एवं स्टेनो टायपिस्ट पद हेतु | |
|---|---|
| परीक्षा तिथि | 28.06.2016 |
| उपस्थित होने का समय | प्रातः 09.00 बजे |
| कम्प्यूटर संचालन तथा मुद्रलेखन दक्षता परीक्षण | 28.06.2016 प्रातः 11 से 12 बजे |
| शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षण | 28.06.2016 दोपहर 01 से 02 बजे |
| स्थान | एस.जी.एस.आई.टी.एस. महाविद्यालय, रेसकोर्स रोड़ इन्दौर (म.प्र.) |

3. जिन आवेदको ने स्टेनो टायपिस्ट पद हेतु आवेदन किया है शीघ्रलेखन दक्षता परीक्षण सिर्फ उन्ही आवेदको की ली जायेगी ।

अवर सचिव